## पाठ-चर्चा Textual Literacy

बताओ— **Speaking Skills**

1. राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है?

उ. राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत का श्रेय मार्क्स रॉबिनसन को जाता है।

2. सबसे पहले राष्ट्रमंडल खेल किस शहर में आयोजित किए गए?

उ. सबसे पहले राष्ट्रमंडल खेल कनाडा के हैमिल्टन शहर में आयोजित किए गए।

3. राष्ट्रमंडल खेल पहले किस नाम से जाने जाते थे?

उ. राष्ट्रमंडल खेल पहले 'ब्रिटिश एंपायर गेम्स' के नाम से जाने जाते थे।

4. राष्ट्रमंडल खेलों के सदस्य देश कितने हैं?

उ. राष्ट्रमंडल खेलों के सदस्य देश 54 हैं।

लिखो— **Writing Skills**

**क. अधिकतम शब्दों में in maximum words—**

1. एम्सटर्डम ओलंपिक की समाप्ति पर रॉबिनसन ने क्या सोचा और क्यों?

उ. एम्सटर्डम ओलंपिक की समाप्ति पर रॉबिनसन ने सोचा कि क्यों न ब्रिटिश सत्ता के अधीन सभी देशों के खिलाड़ियों के लिए किसी खेल मेले का आयोजन किया जाए। उसने ऐसा इसलिए सोचा कि कई देशों के खिलाड़ियों को ओलंपिक या दूसरी विश्वस्तरीय खेल स्पर्धाओं में अपने देश के नागरिक के रूप में भाग लेने का मौका नहीं मिल पाता था क्योंकि वे स्वतंत्र देश न होकर ब्रिटिश साम्राज्य के गुलाम थे।

2. रॉबिनसन के प्रयासों से किन खिलाड़ियों को और किस रूप में लाभ मिला?

उ. रॉबिनसन के प्रयासों से ऐसे सैकड़ों खिलाड़ी और छुपी खेल प्रतिभाएँ सामने आईं, जो गुमनामी और उपेक्षा के अँधेरे में गुम हो गई होतीं अगर ये खेल न हुए होते।

3. 'कॉमनवेल्थ' (राष्ट्रमंडल) शब्द का अर्थ बताओ।

उ. 'कॉमनवेल्थ' (राष्ट्रमंडल) शब्द का अर्थ है—समान सोच, विरासत और संस्कृतिवाले देश। यह उन 54 देशों का समूह है, जो कभी ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा थे। यह कोई राजनैतिक मंच या संगठन नहीं है बल्कि मित्र देशों की सरकारों का एक ऐसा संगठन है, जिसके अंतर्गत रंग, संस्कृति, धर्म और भाषा की विविधतावाले देश एक समान माने और समझे जाते हैं।

Analytical Skills

## मूल्याधारित प्रश्न VBQs

1. ऐसा क्यों कहा जाता है कि खेल का मैदान युद्ध के मैदानों को कम कर देता है?

उ. खेलों के द्वारा परस्पर सहयोग, सद्भाव और भाईचारा बढ़ता है। ये हमें प्रेम और शांति से रहने का संदेश भी देते हैं। ऐसे में विवाद, संघर्ष और युद्ध की संभावनाएँ कम बनती हैं, इसलिए कहा जाता है कि खेल का मैदान युद्ध के मैदानों को कम कर देता है।

2. 'खेलों में आत्मानुशासन का महत्त्व' विषय पर अपने विचार लिखो। **HOTS**

उ. खेल में आत्मानुशासन का अत्यधिक महत्त्व है। खेल अनुशासन में रहकर ही खेले जाते हैं। खेल के नियमों का पालन करना, खेल प्रशिक्षक का आदर करना, निश्चित समय पर अपने काम पूरे करना आदि सब बातें बच्चे खेलों द्वारा ही सीखते हैं। यह सब आत्मानुशासन ही है। खेल के मैदान में ही बच्चों में नेतृत्व की भावना का भी विकास होता है।

Thinking Skills

## भाषा-सरिता Language

1. **प्रत्यय और उपसर्ग जोड़कर शब्द बनाओ—**

क. आयोजन + इत = ·····आयोजित·····

ख. प्रमाण + इत = ·····प्रमाणित·····

ग. नगर + इक = ·····नागरिक·····

घ. कल्पना + इक = ·····काल्पनिक·····

ङ. पर + अधीन = ·····पराधीन·····

च. अनु + रूप = ·····अनुरूप·····

छ. स्व + तंत्र = ·····स्वतंत्र·····

ज. स्व + अभिमान = ·····स्वाभिमान·····

2. **दिए गए उदाहरणों को समझो और लिखो Combined words—**

क. लोकतंत्र ···लोक का तंत्र···

ख. गंगातट ···गंगा का तट···

ग. सिरदर्द ···सिर का दर्द···

घ. देशभक्ति ···देश के लिए भक्ति···

ङ. मम्मी-पापा ···मम्मी और पापा···

च. दाल-रोटी ···दाल और रोटी···

छ. दूध-दही ···दूध और दही···

ज. नदी-नाले ···नदी और नाले···

3. **दिए गए वाक्यों को उचित योजक शब्द से जोड़कर लिखो—**

क. मैंने उसको समझाया। वह समझ न सका।

उ. मैंने उसको समझाया परंतु वह समझ न सका।

ग. मेहनत करोगे। पास हो जाओगे।

उ. मेहनत करोगे तो पास हो जाओगे।

घ. वरुण रोज़ पढ़ता है। उसे प्रथम आना है।

उ. वरुण रोज़ पढ़ता है क्योंकि उसे प्रथम आना है।

पाठ 10 राष्ट्रमंडल खेल

राष्ट्रमंडल खेलों के विषय में जानकारी मिलेगी।

श्रुतलेखन शब्द

समूह संगठन गुलाम वटवृक्ष
ब्रिटेन नागरिक ओलंपिक खिलाड़ी
स्वतंत्र पराधीन (10)

शब्दार्थ

पराधीन कल्पना संस्था प्रतिभाएँ
अस्तित्व
वटवृक्ष लक्ष्य घोषणा अनुरूप
प्रसार